>

Tilte: Need to ensure disbursement of loans to the deserving people through banks under centrally sponsored schemes in Kota and Bundi districts of Rajasthan.

श्री इज्यराज सिंह (कोटा) ः

मेरे संसदीय क्षेत्र कोटा में लोगों ने मुझे बताया कि कोटा एवं बूंदी जिले के जिन ब्लाकों में केन्द्रीय प्रायोजित योजना चालू हैं उनमें अनुसूचित बैंकों द्वारा जो धन सहायता या ऋण के रूप में दिया जा रहा है, उसमें अनियमितताएं बरती जा रही है एवं लाभार्थी लोगों को कम पैसा मिल रहा है। कुछ बैंकों द्वारा ऋण एवं सहायता के रूप में लोगों को धन का वितरण निष्पक्ष रूप से नहीं किया जाता है । ग्रामीण विकास की लगभग सभी योजनाओं में यह अनियमितताएं बड़े पैमाने पर चल रही है । इस संबंध में निगरानी एवं उचित कार्यवाही के अभाव में ये अनियमितताएं बिना किसी रोक-टोक के चल रही है जिससे योजनाओ का वांछित लाभ ग्रामीण लोगों को पूरा नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए सरकार को बैंकों के कार्य पर निगरानी रखनी होगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करनी होगी तभी इन योजनाओं से ग्रामीण लोगों को पूरा लाभ मिलेगा ।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि सरकार की केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं में अनियमितताओं को शीघ्र समाप्त किया जाए इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए जिससे केन्द्र द्वारा बनाई जा रही योजनाओं का लाभ जनता को मिल सके ।